# ब्रह्मपुत्र बुलेटिन

## फ्रंटियर मुख्यालय सीसुबल गुवाहाटी




संस्करण 28वाँ

जनवरी - मार्च 2023

## फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी

# महानिरीक्षक की कलम से



प्रिय सीमा प्रहरियों,

गुवाहाटी सीमान्त की तिमाही पत्रिका "ब्रह्मपुत्र बुलेटिन" के 28वें संस्करण के माध्यम से मुझे अपने विचार प्रबुद्ध पाठकों के सम्मुख रखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मैं गुवाहाटी सीमान्त के अन्तर्गत तैनात सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा बहादुर सीमा प्रहरियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत एवं लगन के साथ अपने मूल कर्तव्यों एंव सौपी गई विभिन्न जिम्मेदारियों के निर्वहन के साथ–साथ विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देता हूँ।

गत तिमाही के दौरान हमारे सीमान्त से बडी संख्या मे कंपनियों की तैनाती त्रिपुरा, मेघालय एंव नागालैंड राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए की गई थी जिसके दौरान कार्मिकों ने उच्चकोटी की दक्षता एंव कुशलता का परिचय दिया जिसके कारण उक्त राज्यों में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न किए जा सके। इसी दौरान बड़ी संख्या मे कंपनियों की अन्यत्र तैनाती के कारण सीमाओं पर जनशक्ति की कमी महसूस की गई परन्तु सीमा प्रहरियों की कार्य के प्रति लगन, समर्पण एंव अतिरिक्त दक्षता के कारण सीमाओं पर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त हुई, जिसके लिये समस्त सीमा प्रहरी प्रशंसा के पात्र है।

गत तिमाही के दौरान वाहिनियों द्वारा सीमा क्षेत्रों में जनकल्याण कार्यक्रम एंव चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को सुरक्षा बलों मे चयन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए गए। मुझे आशा है कि उक्त कार्यक्रमों के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल एवं सीमावर्ती जनता के मध्य संबंध और अधिक दृढ़ होंगे और कुशल सीमा प्रबंधन मे सहायक होंगे।

उक्त समस्त कार्यो एवं श्रेष्ठ सीमा प्रबंधन के लिये मैं समस्त सीमा प्रहरियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ और मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी हम प्रत्येक चुनौती का सामना दृढतापूर्वक कर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते रहेंगे।

अंत में, मैं सभी सीमा प्रहरियों एवं उनके परिवारजनों के उत्तम स्वास्थ्य एंव उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ साथ ही संपादक मंडल द्वारा किए गए अथक प्रयासो की सराहना करते हुए इस संस्करण के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

जय हिन्द ।

कमलजीत सिंह बन्याल
महानिरीक्षक, सीसुबल
फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी

# फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी

## उप महानिरीक्षक(सामान्य) की कलम से




मेरे लिए यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि मैं गुवाहाटी फ्रंटियर की तिमाही पत्रिका "ब्रह्मपुत्र बुलेटिन" का 28वां संस्करण प्रस्तुत कर रहा हूँ। इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी को गत तिमाही ( जनवरी से मार्च 2023 ) के दौरान सीमांत मुख्यालय गुवाहाटी, अधीनस्थ सेक्टर मुख्यालयों तथा बटालियनों की महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करवाने का एक प्रयास किया गया है।

गुवाहाटी सीमान्त का सीमावर्ती इलाका विभिन्न भौगोलिक एवं आर्थिक विषमताओं के कारण काफी संवेदनशील होने और विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद सीमा पर तैनात सीमा प्रहरियों की सतर्कता के फलस्वरूप तिमाही ( जनवरी से मार्च 2023 ) के दौरान गुवाहाटी सीमांत द्वारा 1355 किलो ग्राम गांजा, 985 मवेशी, 9159 बोतल फेंसिडील एवं 20881नग याबा टेबलेट जब्त किये गये इसके अतिरिक्त 39 भारतीय एवं 07 बांग्लादेशी तस्करों को पकड़ने में भी सफलता प्राप्त हुई ।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि "ब्रह्मपुत्र बुलेटिन" का 28वां संस्करण अपने उद्देश्य में सफल एवं सार्थक सिद्ध होगा। मैं सभी पाठकों से अनुरोध करता हूँ कि इस पत्रिका को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भेजने का श्रम करें।

सभी सीमा प्रहरियों एवं उनके परिवारजनो को सुखमयी भविष्य की शुभकामनाएं ।

जय हिन्द

**ब्रजेश कुमार**
**उप महानिरीक्षक (सामान्य)**
**फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी**

# संक्रियात्मक उपलब्धियाँ

(01-01-2023 से 31-03-2023)

## जब्ती

| | मवेशी (नग) | फेंसिडिल (बोतल) | गाँजा (कि०ग्रा०) | याबा टेबलेट (नग) |
|---|---|---|---|---|
| जनवरी | 657 | 1119 | 227.6 | 9190 |
| फरवरी | 230 | 2983 | 334.4 | 5718 |
| मार्च | 98 | 5057 | 793.7 | 5973 |
| कुल | 985 | 9159 | 1355.7 | 20881 |

## गिरफ्तारी

| | जनवरी | फरवरी | मार्च | कुल |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय आवक | 00 | 00 | 01 | 01 |
| भारतीय जावक | 11 | 15 | 12 | 38 |
| बांग्लादेशी आवक | 01 | 03 | 02 | 06 |
| बांग्लादेशी जावक | 01 | 00 | 00 | 01 |

# संक्रियात्मक उपलब्धियाँ
## क्षेत्रीय मुख्यालय गोपालपुर



दिनांक 01-03-2023 नशीले पदार्थो के खिलाफ अभियान मे 75वीं वाहिनी की सीमा चौकी सिंघिमारी के सीमावर्ती गाँव मे बीएसएफ एंव एनसीबी के संयुक्त ऑपरेशन मे गांजे के 21000 परिपक्व पौधो को तथा 300 किग्रा सूखा गांजा को नष्ट किया गया ।




दिनांक 09-02-2023 फील्ड "जी" टीम गोपालपुर की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी –अमृत, 157वीं वाहिनी, जब्ती–500 नग याबा टेबलेट।




दिनांक 12-02-2023 157वीं वाहिनी की सीमा चौकी–फुलबारी, जब्ती–300 बोतल फेंसिडिल।



दिनांक 25-01-2023, सीमा चौकी–धूमेरकाटा,75वीं वाहिनी जब्ती–54 मवेशी।



दिनांक 03-03-2023 नशीले पदार्थो के खिलाफ अभियान मे 169वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में एनसीबी के साथ संयुक्त अभियान मे 12 बीघा अफीम की खेती नष्ट की गई।




दिनांक 22-03-2023 फील्ड "जी" टीम गोपालपुर की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–वेस्ट चमटा, 75 वीं वाहिनी, जब्ती–331 बोतल फेंसिडिल, 1380 बोतल एसकफ।

# संक्रियात्मक उपलब्धियाँ
## क्षेत्रीय मुख्यालय कूचबिहार




दिनांक 10-03-2023 फील्ड "जी" टीम कूचबिहार की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–बी जी जोरा, 129वीं वाहिनी, जब्ती– 52.3 किग्रा गांजा ।



दिनांक 23-02-2023 सीमा चौकी–झाउकूटी 62वीं वाहिनी,जब्ती–2000 नग याबा टेबलेट ।



दिनांक 09-02-2023 सीमा चौकी–कारला, 90वीं वाहिनी, जब्ती–5.5 किग्रा गांजा , गिरफ्तारी–01 भारतीय तस्कर।



दिनांक 22-01-2023 फील्ड "जी" टीम कूचबिहार की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–नारायणगंज, 90वीं वाहिनी, जब्ती–88 किग्रा गांजा।



दिनांक 24-02-2023 सीमा चौकी–खितागर कुटटी, 138वीं वाहिनी,जब्ती 690 पैकेट सीड्स।



दिनांक 27-01-2023 फील्ड "जी" टीम कूचबिहार की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–झिकरी, 138वीं वाहिनी,जब्ती–18 किग्रा गांजा, 150 बोतल एस्कफ सीरप एवं 150 बोतल फेंसिडिल।

# संक्रियात्मक उपलब्धियाँ
## क्षेत्रीय मुख्यालय धुबरी




दिनांक 20-02-2023 फील्ड "जी" टीम धुबरी की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–हाथीचर, 49वीं वाहिनी, जब्ती–236 बोतल शराब तथा 3,61,168/- रु मूल्य की प्रतिबंधित सामग्री ।



दिनांक 12-03-2023 फील्ड "जी" टीम धुबरी की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी– महामायाचर 49वीं वाहिनी, जब्ती– 194 बोतल शराब गिरफ्तारी–01 भारतीय तस्कर।



दिनांक 01-03-2023 फील्ड "जी" टीम धुबरी की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–झालाचर, 45वीं वाहिनी, जब्ती–370 नग याबा टेबलेट, 01 मोटर साइकिल, गिरफ्तारी–01 भारतीय तस्कर।




दिनांक 24-02-2023 फील्ड "जी" टीम धुबरी की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–जोरडांगा, 45वीं वाहिनी, जब्ती–686 नग याबा टेबलेट, गिरफ्तारी –01 भारतीय तस्कर।



दिनांक 27-03-2023 फील्ड "जी" टीम धुबरी की पुख्ता सूचना के आधार पर सीमा चौकी–झालाचर, 45वीं वाहिनी जब्ती–2,24,000/ रु मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा।



दिनांक 12-01-2023 सीमा चौकी–बीनाचर 31वीं वाहिनी, जब्ती–7800 नग याबा टेबलेट, गिरफ्तारी–01 भारतीय तस्कर।

# बावा कार्यक्रम






दिनांक 09 मार्च 2023 को फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी में प्रहरी संगिनियों द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया ।



दिनांक 10 मार्च 2023 को फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी मे सीएच पटगाँव द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और मनोविज्ञान कल्याण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया ।




दिनांक 26 जनवरी 2023 को 138 वीं वाहिनी मुख्यालय में प्रहरी संगिनियों द्वारा देश का 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।




दिनांक 09 मार्च 2023 को 129वीं वाहिनी मुख्यालय में प्रहरी संगिनियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया ।




दिनांक 09 मार्च 2023 को 169वीं वाहिनी मुख्यालय में प्रहरी संगिनियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केश सज्जा,केक मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# विशिष्ट पदाधिकारियों का आगमन





दिनांक 16 मार्च 2023 को फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी में श्री सुजॉय लाल थाउसेन, आईपीएस, महानिदेशक (सीसुबल) का आगमन।





दिनांक 13 मार्च 2023 को सुश्री सोनाली मिश्रा, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्वी कमान) कोलकाता का सीमान्त मुख्यालय गुवाहाटी आगमन एवं सीमा चौकी भ्रमण ।






दिनांक 15 मार्च को सुश्री सोनाली मिश्रा, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्वी कमान) कोलकाता द्वारा फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी परिसर मे ''राइनो बोट क्लब'' का उद्घाटन ।

BSF
जीवन पर्यन्त कर्तव्य

# जनकल्याण कार्यक्रम



75वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद किसानों को स्प्रे मशीन प्रदान की गई।




157वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में स्कूली छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किये गये।




90वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया गया।



31वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में दिव्यांगों को ट्राईसिकल का वितरण ।



19वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।



49वीं वाहिनी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में स्कूली छात्रों को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

# गतिविधियाँ





दिनांक 08मार्च 2023 को फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी, अधिनस्थ क्षैत्रीय मुख्यालयो, वाहिनीयों एवं भारत बांग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया ।




दिनांक 10 फरवरी 2023 को कम्पोजिट अस्पताल पटगाँव मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



दिनांक 26 जनवरी को 129वी वाहिनी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के साथ मिठाई एवं शुभकामनाओं का आदान प्रदान ।



दिनांक 19 फरवरी 2023 को 49वीं वाहिनी की सीमा चौकी कलाइचरबारी के जवानों ने सर्पदंश से ग्रसित व्यक्ति को बीएसएफ वाहन से अस्पताल पहुँचाकर उसके प्राणों की रक्षा की।



दिनांक 15 फरवरी 2023 को 19वीं वाहिनी की सीमा चौकी भोगडोर के जवानों ने गंभीर रुप से बीमार महिला को बीएसएफ वाहन से अस्पताल पहुँचाकर उसके प्राणों की रक्षा की ।

# सेवा समाचार

## पुरस्कार

| | महानिदेशक प्रशस्ति पत्र | महानिदेशक नगद पुरुस्कार | महानिरीक्षक प्रशस्ति पत्र | महानिरीक्षक नगद पुरुस्कार |
|---|---|---|---|---|
| अधिकारी | 01 | 02 | 16 | 02 |
| अधि॰अधिकारी | 05 | 30 | 22 | 70 |
| जवान | 01 | 56 | 71 | 253 |
| कुल | 07 | 88 | 109 | 325 |

## पदोन्नति (प्रथम तिमाही-2023)

| | | |
|---|---|---|
| COMDT | DIG | 01 |
| 2IC | COMDT | 01 |
| DC | 2IC | 02 |
| AC | DC | 01 |
| ASI | SI | 08 |
| HC | ASI | 04 |
| CT | HC | 13 |

## सेवानिवृत्ति (प्रथम तिमाही-2023)

| | |
|---|---|
|  | 05 |
|  | 41 |
|  | 53 |

# कविता

हर जवान को नमन है मेरा
उनके हर कदम को नमन है मेरा,
कडाके की ठंड में भी अकड़ के खड़े हो तुम
तेरी उस आदत को नमन है मेरा ।

दुनियाँ के अन्दर, हवा में उड़ते
पहाडो पर चढते हर उस,
जवान को नमन मेरा ।

अपनो से दूर दोस्तों से दूर
बहुत सारी खुशियों से दूर,
तेरी हर कुर्बानी को नमन मेरा ।

कम खुशियों मे जा पाते है
कम त्यौहारों को मना पाते है,
तेरी इस जिन्दादिली को सलाम मेरा।

एक दम फिट दिखते हो
कम खुशियों पर भी खुश दिखते हो,
तेरे इस अंदाज को नमन है मेरा ।

तेरी हर बात पर हर भारत के,
जवान को नमन है मेरा,नमन है मेरा ।



श्रीमती स्मृति जसरोटिया
पत्नी डॉ अंजन भोला, द्वितीय कमान अधिकारी
129वीं वाहिनी सीसुबल





**अध्यक्ष**

**संपादक मंडल**

श्री कमलजीत सिंह बन्याल

महानिरीक्षक,गुवाहाटी सीमान्त

**उपाध्यक्ष एंव मुख्य संपादक**

श्री ब्रजेश कुमार,

उप महानिरीक्षक(सामान्य)

एवं प्रधान स्टाफ अधिकारी

**संपादक**

श्री मनोज कुमार यादव

द्वितीय कमान अधिकारी (सामान्य)

श्री सुबोध रोकड़े

उप कमा० (ईमेज इन्ट)

**संपादकीय समिति**

निरीक्षक (सामान्य) बिजेन्द्र कुमार शर्मा

सहा० उप निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह

**डिजाईन**

आरक्षक सौमेन सानयाल

आरक्षक अमित कुमार



pro.bsfguwahati.ftr@gmail.com

Twitter user ID-@BSF_Guwahati

facebook ID - Bsf Guwahati Ftr



( फोटोग्राफी- गुवाहाटी फ्रंटियर के अधीन समस्त सेक्टर एवं बटालियनों के फोटोग्राफरों के सहयोग से )